प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के मशरूम शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र को सर्वोत्तम केन्द्र पुरस्कार

पंतनगर। 14 जून 2024। अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–मशरूम की वर्ष 2023–24 के लिए बैंगलुरू स्थित भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान में दो–दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का आयोजन 13–14 जून, 2024 को किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के मशरूम शोध एवं प्रशिक्षण के परियोजनाधिकारी (एक्रिप–मशरूम) डा. एस.के. मिश्र ने कुल 10 शोध परीक्षणों के परिणामों को प्रस्तुत किया जिसके परिणामस्वरूप मशरूम केन्द्र, पन्तनगर को उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए कैटेगिरी 1 में रखते हुए प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस वार्षिक कार्यशाला में कुल 32 विश्वविद्यालयों/आई.सी.ए.आर. के केन्द्रों ने प्रतिभाग किया। इस पुरस्कार के लिए कुलपति ने एक्रिप मशरूम टीम–पन्तनगर को बधाई दी तथा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति के नेतृत्व में किये जा रहे उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए विश्वविद्यालय को दो सप्ताह के अन्दर दो बेस्ट सेंटर आवार्ड सम्मान प्राप्त हुए।

1. सम्मान प्राप्त करते डा. एस.के. मिश्रा।

निदेशक संचार